**अर्द्धवार्षिक परीक्षा -2023-24**

**जे बी अकादमी अयोध्या उ० प्र०**

**कक्षा- 9 विषय- हिन्दी (कोर्स- अ)**

**समय-3घंटे** **पूर्णांक- 80**

**सामान्य निर्देश:-**

**क-सभी प्रश्नो के उत्तर देना अनिवार्य है ।**

**ख- इस प्रश्न-पत्र मे दो खण्ड हैं - खण्ड 'क' और खण्ड 'ख' । खण्ड 'क' मे बहुविकल्पीय प्रश्न 40 अंक और खण्ड 'ख' वर्णनात्मक प्रश्न 40 अंक ।**

**ग-यथासंभव सभी प्रश्नो के उत्तर क्रमानुसार दें।**

**घ- सभी प्रश्नो के अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं ।**

**************************************************************************************

**खण्ड 'क'**

**प्रश्न 1- अधोलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढकर पूछे गये विकल्प प्रश्नो के सही उत्तर दें - 5**

किसी भी देश के युवा-वर्ग को उसकी प्रगति का आधारा माना जाता है। युवा वर्ग कुछ नया करने की जिज्ञासा के साथ आगे बढ़ता है, नई चीजों को जानने, परखने, खोज करने की ओर अग्रसर रहता है । युवा वर्ग साहस व शक्ति से परिपूर्ण होता है । किसी भी कार्य को चुनौती के रूप मे स्वीकार करना उसकी आदत व स्वभाव होता है, परन्तु आज कई कारणों से युवा वर्ग दिशाहीन होता जा रहा है । यद्यपि उसे पढने खिलने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं, पर इसके बावजूद वह नैतिक मूल्यों की उपेक्षा करने लगा है। इसका कारण है उसकी बेरोजगारी। इस बेरोजगारी ने उसे कुंठा ग्रस्त बना दिया है ।युवा वर्ग अपराधों की ओर उन्मुख होने लगा है । वह किसी न किसी तरह अधिक से अधिक धन पा लेना चाहता है ; अतः साधनों की परवाह नहीं करता। यह स्थित भयावह है युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस स्थिति से बचने के लिए शिक्षा को रोजगार परक बनाना होगा । उनकी सकारात्मक सोच तो बढ़ावा देना होगा तथा उस में नैतिक मूल्य संस्कारित करने होंगे।

**1- कौन सी विशेषता युवा वर्ग की नहीं है-**

क-किसी कार्य में को चुनौती के रूप मे लेना। ख-कुछ नया करने करने की जिज्ञासा होना।

ग-परंपरा व रूढियों का पालन करना। घ-साहस व शक्ति से परिपूर्ण होना।

**2-'आज युवा वर्ग दिशाहीन होता जा रहा है ' उपर्युक्त कथन के पक्ष मे निम्नलिखित तर्कों पर विचार करके सही तर्क बतायें -**

**1- वह नैतिक मूल्यों की उपेक्षा करने लगा है ।**

**2- बेरोजगारी ने उसे कुंठा ग्रस्त बना दिया है ।**

**3- वह मन लगाकर पढ़ता है**

क- 1 सही है।　　　　　　　　ख- 2 सही है

ग- 3 सही है　　　　　　　　घ- 1 और 2 सही है

**3- 'कुंठाग्रस्त' मे कौन सा समास है -**

क-अव्ययी भाव　　　　　　　ख-तत्पुरुष

ग-कर्मधारय　　　　　　　　घ-बहुव्रीहि

**4-किसी देश की प्रगति का आधार किसे माना जाता है-**

क-किसान को　　　　　　　　ख-वृद्धों को

ग-बच्चों को　　　　　　　　घ-युवा वर्ग को

**5- युवा पीढ़ी को किसकी आवश्यकता है-**

क- भोजन की　　　　　　　　ख- सही मार्गदर्शन

ख- देश में लूट मचाने की　　　　घ-खोज की

**प्रश्न 2- अधोलिखित अपठित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढकर पूछे गये विकल्प प्रश्नो के सही उत्तर दें - 5**

अचल खड़े रहते जो ऊँचा शीश उठाए तूफानों में
सहनशीलता दृढ़ता हँसती जिनके यौवन के प्राणों में
वही पंथ बाधा को तोड़े बहते हैं जैसे निर्झर,
प्रगति नाम को सार्थकरता यौवन दुर्गमता पर चलकर
आज देश की भावी आशा बनी तुम्हारी ही तरुणाई
नए जन्म की श्वास तुम्हारे अंदर जगकर है लहराई ।
आज विगत युग के पतझर पर तुमको नव मधुमास खिलाना,
नवयुग के जीवन पृष्ठों पर है नूतन इतिहास लिखाना
उठो राष्ट्र के नवयौवन तुम दिशा-दिशा का सुन आमंत्रण
जगो देश के प्राण, जगा दो नए प्रात का नया जागरण
आज विश्व को यह दिखला दो, हममे भी है तरुणाई।।

**1- इस कविता के केन्द्रीय भाव हेतु दिए गए कथनो को पढ़कर सही विकल्प चुने-**

**कथन -**

**i-नवयुवकों को प्रेरित किया गया है**

**ii- प्रौढ लोगों पर देश का भार है ।**

**iii- देश का भविष्य नवयुवकों पर निर्भर है।**

**iv- देश के कर्णधार मात्र किसान हैं**

**विकल्प -**

क-कथन पहला न दूसरा सही है   ख- कथन पहला व तीसरा सही है

ग-कथन चारो सही है   घ-कथन तीन व चार सही है

**2- नवयुक बाधाओं मे भी किसकी तरह बढते जा रहे हैं?**

क-हवा की तरह   ख-तूफानो की तरह

ग-सैनिकों की तरह   घ-निर्झर की तरह

**3- युवकों की तरूणाई का लाभ दिखाई दे रहा है -**

क-कामचलाऊ के रूप में   ख-देश की प्रगति एवं आशा के रूप में

ग-युवकों के भटकाव के रूप मे   घ-मस्ती के रूप मे

**4- जीवन पृष्ठों पर युवकों से आशा की गई है -**

क-नई बहादुरी की   ख-अच्छे वस्त्र पहनने की

ग-उच्च शिक्षा प्राप्त करने की  घ-नए इतिहास लिखने की

**5- कवि नवयुवकों से आशा करता है कि -**

**कथन पढकर सही विकल्प चुने -**

**कथन**

**i-वे नव सृजन का कार्य करें।   ii- वे शांति से  बैठे रहें।**

**iii-  वे युद्ध करें।   iv- वे अपने कार्यों से नया इतिहास रचें।**

क- कथन i  व ii सही हैं|   ख- कथन i व iv सही हैं |

ग- कथन ii व iii सही हैं |   घ- कथन iii  व iv सही हैं |

**प्रश्न3- निर्देशानुसार उपसर्ग -प्रत्यय पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दें-   1+1+1+1= 4**

**1-** किस शब्द मे 'प्र' उपसर्ग नहीं है-

क-प्रबल   ख-प्रयोग

ग-प्रबुद्ध   घ-प्रत्येक

**2-** 'अन्याय' शब्द मे कौन सा  उपसर्ग है -

क-अ   ख-अन्

ग-अन   घ-अन्य

**3-** 'ईय' प्रत्यय से बना शब्द नहीं है -

क-राष्ट्रीय   ख-मानवीय

ग- पठनीय   घ-स्वर्गीय

**4-** 'कार' प्रत्यय से युक्त शब्द नहीं है -

क-कलाकार    ख- मूर्तिकार

ग- नाटककार    घ-बेकरार

**प्रश्न 4- निर्देशानुसार समास पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दें -    1+1+1+1= 4**

1- 'एकदंत' का सही समास विग्रह है -

क- एक दाँत वाला    ख-एक दाँत से

ग-एक है दाँत जिसका अर्थात गणेश    घ-एक और दाँत

2- 'चिड़ीमार' मे कौन सा समास है -

क-अव्ययीभाव    ख-तत्पुरुष

ग-बहुव्रीहि    घ-कर्मधारय

3- 'चरणकमल' मे कौन सा समास है -

क - तत्पुरुष    ख-द्विगु

ग-बहुव्रीहि    घ-कर्मधारय

4- 'धर्माधर्म' का सही समास विग्रह है -

क-धर्म के लिए धर्म    ख-धर्म और/या अधर्म

ग-धर्म का अधर्म    घ-धर्म ही धर्म

**प्रश्न5- निर्देशानुसार अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दें-   1+1+1+1= 4**

1- जिस वाक्य में किसी की मनोकामना, मंगलकामना या आशीर्वाद प्रकट हो-

क-विधानवाचक    ख-संकेत वाचक

ग-इच्छावाचक    घ-कोई नहीं

2- जिस वाक्य में किसी एक क्रिया के होने पर ही दूसरी क्रिया के होने का संकेत हो-

क-संकेत वाचक    ख-संदेह वाचक

ग-विधानवाचक    घ-आज्ञावाचक

3- 'गाड़ी स्टेशन पर आ चुकी होगी' सही वाक्य भेद है-

क - विधान वाचक    ख- संदेह वाचक

ग-संकेत वाचक    घ इनमे से कोई नहीं

4- वाक्य के अंग/अवयव होते हैं -

क-तीन    ख-चार

ग-दो    घ-आठ

**प्रश्न6- निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दें-** **1+1+1+1= 4**

1- उपमा अलंकार के अंग होते है-

क-तीन ख-पाँच

ग-चार घ-दो

2-कूकै लगी कोयल कदंबन पर बैठी फेरि। पंक्ति मे कौन सा अलंकार है -

क-यमक ख-रूपक

ग-उपमा घ-अनुप्रास

3- 'पायो जी मैंने नाम-रतन धन पायो' पंक्ति मे कौन सा अलंकार है -

क-रूपक ख-अनुप्रास

ग- श्लेष घ-यमक

4- जब एक शब्द का प्रयोग दो या दो से अधिक बार होता है और दोनों बार उसके अर्थ अलग-अलग होते हैं-

क-अनुप्रास अलंकार ख- यमक अलंकार

ग- रूपक अलंकार घ- उपमा अलंकार

**प्रश्न7- निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नो के सर्वाधिक उचित उत्तर चुनकर लिखें-** **5**

जटिल प्राणियों के लिए सालिम अली हमेशा एक पहेली बने रहेंगे । बचपन के दिनो मे उनकी एयरगन से घायल होकर गिरने वाली, नीलेकंठ की वह गौरैया सारी जिंदगी उन्हें खोज के नए-नए रास्ते की तरफ ले जाती रही। जिंदगी की ऊँचाईयों मे उनका विश्वास एक क्षण के लिए भी डिगा नहीं । वो लारेंस की तरह, नैसर्गिक जिंदगी के प्रतिरूप बन गये थे। सालिम अली प्रकृति की दुनिया मे एक टापू बनने की बजाय अथाह सागर बनकर उभरे थे। जो लोग उनके भ्रमणशील स्वभाव और उनकी यायावरी से परिचित हैं, उन्हें महसूस होता है कि वो आज भी पक्षियों के सुराग मे ही निकले हैं, और बस अभी गले मे लंबी दूरबीन लटकाए अपने खोजपूर्ण नतीजों के साथ लौट आएँगे ।

जब तक वो नहीं है लौटते, क्या उन्हें गया हुआ मान लिया जाए! मेरी आँखें नम हैं, सालिम अली, तुम लौटोगे ना!

**1-जटिल प्राणियों के लिए सालिम अली हमेशा क्या बने रहेंगे-**

क- एक समस्या ख- एक पहेली

ग- एक रहस्य घ- एक अजूबा।

**2- बचपन में सालिम अली के एयरगन से कौन घायल हो गया था-**

क- नीले कंठ की गौरैया ख-एक तोता

ग- एक मोर घ- एक कबूतर |

**3-सालिम अली किसका प्रतिरूप बन गए थे-**

क-धर्म का ख-कर्म का

ग- नैसर्गिक ज़िंदगी का घ-इनमें से कोई नहीं।

**4-सालिम-अली प्रकृति की दुनिया में क्या बनकर उभरे-**

क- एक टीपू   ख-अथाह सागर

ग- ऊँचा पर्वत   घ- एक पेड़।

**5- सालिम अली को याद करने से इस समय लेखक की आँखों में क्या है-**

क-प्रेम   ख- दया

ग आँसू   घ-खुशी।

**प्रश्न 8- क्षितिज के गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 2**

**1. हीरा-मोती गया के घर से पहली बार क्यों भागे-**

क-उन्हें गया और उसका घर अच्छा नहीं लगा   ख- गया गरीब था

ग-हीरा-मोती को वहाँ सब कुछ पराया-सा लगा और वह जगह उनकी नहीं थी।   घ- गया के डर से।

**2. साँवले सपनों का हुजूम किस तरफ अग्रसर है-**

क-घर की तरफ   ख-गाँव की तरफ

ग- मौत की खामोश वादी की तरफ   घ-जंगल की तरफ।

**प्रश्न9- निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 5**

रस्सी कच्चे धागे की, खींच रही मैं नाव।
जाने कब सुन मेरी पुकार, करें देव भवसागर पार ।।
पानी टपके कच्चे सकोरे, व्यर्थ प्रयास हो रहे मेरे।
जी में उठती रह-रह हूक, घर जाने की चाह है घेरे।।

**1. रस्सी कैसी है-**

क- पक्के धागे की   ख-कच्चे धागे की

ग-रेशम की   घ- जूट की।

**2. कवयित्री कच्चे धागे की रस्सी से क्या खींच रही हैं-**

क-गाड़ी   ख- नाव

ग- कोल्हू   घ-इनमें से कोई नहीं।

**3. 'कच्चे धागे की रस्सी किसका प्रतीक है-**

क-फूल और पत्तों का   ख-ईश्वर प्राप्ति के सांसारिक साधनों का

ग- सूत से बनी रस्सी का   घ- रेशम से बनी रस्सी का।

**4. कच्चे सकोरे से क्या टपक रहा है-**

क- दूध　　　　　　ख-शहद

ग- पानी　　　　　घ-इनमें से कोई नहीं।

**5. कवयित्री का कौन-सा प्रयास व्यर्थ हो रहा है-**

क- नाव खींचने का　　　　　　　　ख- भवसागर पार करने का

ग-सांसारिक साधनों द्वारा ईश्वर प्राप्ति का　घ- कच्चे सकोरे में पानी भरने का।

**प्रश्न10-पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-　　　　2**

**1. कबीरदास जी ने ज्ञानी और संत किसे बताया-**

क-जो अपने धर्म संप्रदाय का ख्याल रखता है　　ख- जो सदा ईश्वर भक्ति में लीन रहता है।

ग-जो सरल हृदय से निष्पक्ष होकर संप्रदायों से ऊपर उठकरप्रभु का ध्यान करता है।

घ-जो कठोर साधना में लीन रहता है।

**2- रसखान अपनी आँखों से किसे निहारना चाहते हैं -**

क-यमुना का जल　　　　　　　　ख-मंदिर

ग-ब्रज के वन-बाग -तड़ाग　　　　　घ-अपनी वाटिका बाग तड़ाग

**प्रश्न-11 क्षितिज गद्य पाठों के आधार पर दिए गए निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें –**

**2x3=6**

**क-** लेकिन औरत जाति पर सींग चलाना मना है,यह भूल जाते हो | हीरा के इस कथन माध्यम से स्त्री के प्रति प्रेमचंद के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए-

**ख-** तिब्बत में कानून व्यवस्था कैसी थी ?

**ग-** आपके अनुसार वस्तुओं को खरीदने का आधार वस्तु की गुणवत्ता होनी चाहिए या उसका विज्ञापन ? तर्क सहित उत्तर दें-

**घ-** उपभोक्तावाद की संस्कृति के फैलाव के क्या परिणाम सामने आ रहे हैं?

**प्रश्न-12 क्षितिज पद्य पाठों के आधार पर दिए गए निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें –　　　　2x3=6**

**क-** संसार में आज कौन अच्छा जीवन जी सकता है ? कबीर की साखियाँ पाठ के आधार पर उत्तर दें-

**ख-** कृष्ण के स्वांग से सम्बंधित कौन सा स्वांग करने में गोपी अपने को असमर्थ बताती है और क्यों तर्क सहित उत्तर दें-

**ग-** कवि रसखान की भक्ति भावना पर अपने विचार प्रकट करें |

**घ-** काबा फिर काशी भया, रामहि भया रहीम

मोट चून मैदा भया, बैठि कबीरा जीम || | पंक्ति का भाव स्पष्ट करें-

**प्रश्न- 13 कृतिका के आधार पर निम्नांकित प्रश्नों में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (50-60शब्दों में) दे-** **4x2= 8**

**क-** 'इस जल प्रलय में' कौन सी खबर दिल दहलाने वाली थी इस खबर से लोगों पर क्या प्रभाव पड़ा? यदि आप उस जगह होते तो आपके मन पर क्या पड़ता और ऐसी स्थिति में क्या करते अपना विचार व्यक्त करें –

**ख-** 'इस जल प्रलय में' पाठ के आधार पर हाल ही में सुनी या अपने आँखों देखी बाढ़ की तबाही का वर्णन अपने शब्दों में लिखें ?

**ग-** अपने इलाके में बाढ़ आने की सम्भावना पर लेखक ने क्या-क्या प्रबंध किया?

**प्रश्न-14 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिदुओं के आधार पर 100से120 शब्दों में अनुच्छेद लिखें –** **6x1=6**

**क- मातृभाषा के प्रति घटती अभिरुचि**

**संकेत बिंदु** i- मातृभाषा शिक्षा का उपयुक्त माध्यम ii- मातृभाषा में घटती रूचि व अंग्रेजी के प्रति आकर्षण iii- मातृभाषा के प्रति रुझान बढ़ाने के उपाय |

**ख- यात्रा जिसे मै भूल नही पाता**

**संकेत बिंदु** - i- कहाँ की यात्रा ii- विशेष घटना का वर्णन iii- यादगार कैसे

**ग- आत्मनिर्भरता**

**संकेत बिंदु-** i- आत्मनिर्भरता क्या है और क्यों आवश्यक है? ii- इसके लाभ iii-स्वयं तथा समाज पर प्रभाव

**प्रश्न 15-** आप छात्रावास में रहते/रहती हैं, वहाँ पर आपको अपने माँ की बहुत याद आती है| उनकी बहुत सी यादें आपके साथ जुड़ी हैं कुछ का उल्लेख करते हुए माँ को 100 शब्दों में पत्र लिखें- **.5**

अथवा

वर्षा के पश्चात आपके इलाके में सड़कों का बुरा हाल है, जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसकी शिकायत करते हुए नगर निगम के अध्यक्ष को 100 शब्दों में पत्र लिखें-

**प्रश्न- 16 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लेखन करें- 5**

**क-** परोपकार ही सच्चा धर्म है **ख-** जहाँ चाह वहाँ राह **ग-** विद्यालय में मेरा पहला दिन

अथवा

आप अपने विद्यालय की ओर से मंडल स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहते हैं इसकी सूचना देते हुए अपने प्रधानाचार्य को 100 शब्दों में ई- मेल लिखें-

**प्रश्न-17 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में संवाद लेखन करें- 4**

**क-** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लिखें

**ख-** विद्यालय में मोबाइल फोन के प्रयोग पर अध्यापक और अभिभावक के बीच संवाद लिखें-

अथवा

आपके विद्यालय में 2 अक्टूबर को आँख की जाँच के लिए कैम्प लग रहा है| इसकी जानकारी देते हुए 80 शब्दों में सूचना लिखें-

*************************************************************************************